# Video #751

Resources by Dhruv Rathee

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | 3 January 2026, रात के लगभग 2 बजे। Mar-a-Lago में एक पर्दों से ढका हुआ कमरा। अंधेरे में सिर्फ screens की रोशनी। और उन screens के सामने बैठा है दुनिया का सबसे powerful आदमी- US President Donald Trump. Trump screen पर देखते हुए popcorn नहीं खा रहे, ना ही वो कोई movie देख रहे हैं। वो अपनी army को एक live feed पर, हजारों miles दूर, एक घर पर धावा बोलते हुए देख रहे हैं। | CNN<br>4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| | ये घर Venezuela की राजधानी Caracas में है, और इस घर में सो रहे हैं, Venezuela देश के sitting President- Nicolás Maduro (निकोलस मादुरो). लेकिन Maduro को पता ही नहीं था कि कुछ ही मिनटों बाद वो एक दूसरे देश की क़ैद में होने वाले हैं। कुछ देर पहले American helicopters समंदर के ऊपर से सिर्फ 100 feet की ऊंचाई पर उड़ते हुए आए थे। | CNN<br>4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 2 | Caracas की power पहले ही एक cyber attack से काट दी गई थी। पूरा शहर अंधेरे में डूबा हुआ था। | The New York Times<br>3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 3 | Maduro ने अपने steel-reinforced safe room की तरफ भागने की कोशिश की। | CNN<br>4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 4 | वो दरवाज़े तक पहुंचे, लेकिन उसे बंद नहीं कर पाए और उससे पहले ही soldiers ने उन्हें पकड़ लिया। 5 minutes के अंदर एक देश का President US forces के कब्जे में था। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 5 | Trump ने बाद में Fox News पर बोला- It was just like watching television. | CNN 4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 6 | Venezuela में सब normal है, तब August 2025 में ही CIA secretly अपनी एक small team Venezuela के अंदर भेज चुका था। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 7 | इस team का काम था, Maduro की हर movement track करना। वो कहां रहते हैं, | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 8 | वो कहां रहते हैं, कहां travel करते हैं, क्या खाते हैं, क्या पहनते हैं और यहां तक कि उनके pets कौन से हैं, हर चीज को track किया गया। और इतना ही नहीं, CIA का एक source Venezuelan government के अंदर भी काम कर रहा था। ये insider Maduro की exact location और movements की information सीधे America को दे रहा था। | CNN 4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 9 | लेकिन ये mission बेहद dangerous था। CIA की इस team के पास कोई diplomatic cover नहीं था। अगर पकड़े जाते तो America officially कुछ नहीं कर सकता था। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 10 | Operation के लिए Ground तैयार हो रहा था। अब बस एक trigger चाहिए था। November में Trump और Maduro के बीच एक phone call हुई। इस call में Trump ने Maduro से साफ कह दिया, Power और देश छोड़ दो, यही तुम्हारे लिए सबसे अच्छा है। ये एक तरह से Trump की तरफ से Maduro को एक ultimatum था। लेकिन Maduro ने मना कर दिया। Secretary of State Marco Rubio ने बाद में press conference में कहा, "Nicolás Maduro को इस सबसे बचने के लिए बहुत generous offers दिए गए, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं मानी। | CNN<br>4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 11 | लेकिन ये mission बेहद dangerous था। CIA की इस team के पास कोई diplomatic cover नहीं था। अगर पकड़े जाते तो America officially कुछ नहीं कर सकता था। | The New York Times<br>3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 12 | Operation के लिए Ground तैयार हो रहा था। अब बस एक trigger चाहिए था। November में Trump और Maduro के बीच एक phone call हुई। इस call में Trump ने Maduro से साफ कह दिया, Power और देश छोड़ दो, यही तुम्हारे लिए सबसे अच्छा है। ये एक तरह से Trump की तरफ से Maduro को एक ultimatum था। लेकिन Maduro ने मना कर दिया। Secretary of State Marco Rubio ने बाद में press conference में कहा, Nicolás Maduro को इस सबसे बचने के लिए बहुत generous offers दिए गए, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं मानी। | CNN<br>4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 13 | इन्होंने Kentucky में Maduro के घर का एक exact duplicate बनाया और यहाँ Delta Force के commandos ने पूरे operation का rehearsal किया। इसके साथ ही US ने Venezuela के आसपास अपने fighter jets, navy special operations aircraft और Reaper drones deploy कर दिए। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 14 | December की शुरुआत में White House को लगा कि Maduro की support system में दरारें आ रही हैं। लेकिन ये बात गलत साबित हुई। | CNN 4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 15 | इसके बाद 25 December को Trump ने operation की final मंज़ूरी दे दी। Christmas holidays में operation की timing इसलिए चुनी गई क्योंकि Venezuelan military के बहुत सारे जवान छुट्टी पर थे। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 16 | लेकिन एक problem आ गई, Venezuela में मौसम खराब था। इसके कारण Operation को कई दिन standby पर रखना पड़ा और America सही conditions का इंतज़ार करता रहा। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 17 | आखिरकार 2 January 2026 को weather थोड़ा clear हुआ और रात 10:46 बजे Trump ने final go-ahead दे दिया। | CNN 4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 18 | Trump के order के बाद 20 different bases से 150 US military aircrafts ने उड़ान भरी। | CNN 4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 19 | सबसे पहले एक cyber operation से Caracas की power काट दी गई। पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। लोगों को समझ ही नहीं आया क्या हो रहा है। फिर airstrikes की गईं। Caracas और आसपास के radar और air defence systems को destroy कर दिया गया, ताकि helicopters के लिए रास्ता साफ हो। इसमें 40 लोगों की मौत हुई। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 20 | इस बीच American helicopters समंदर के ऊपर सिर्फ 100 feet की ऊंचाई पर उड़ते हुए Caracas की तरफ बढ़े | CNN 4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 21 | रात के 2:01 बजे ये Helicopters Maduro के compound पर पहुंचे। लेकिन जैसे ही ये पहुंचे, इन पर firing होने लगी। एक helicopter hit हुआ, लेकिन उड़ता रहा। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 22 | इस बीच Delta Force के commandos एक explosive से building में घुसे और 3 minutes में Maduro की location तक पहुंच गए। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |
| 23 | इस वक्त Maduro अपनी wife Cilia Flores के साथ सो रहे थे। Commandos को देखकर वो अपने steel-reinforced safe room की तरफ भागे, लेकिन soldiers ने उन्हें पकड़ लिया। | CNN 4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 24 | Building में घुसने के सिर्फ 5 minutes के अंदर Maduro Delta Force के कब्जे में थे। | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/us/politics/trump-capture-maduro-venezuela.html |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 25 | यहां से उन्हें Helicopter से USS Iwo Jima पर ले जाया गया। वहाँ से उन्हें Cuba में US के Guantanamo Bay military base ले जाया गया और फिर एक plane Saturday शाम Maduro को लेकर New York के Stewart Air National Guard Base पहुंचा। | CNN<br>4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 26 | Venezuela के पास दुनिया में सबसे ज्यादा 303 billion barrels oil reserve है। ये Saudi Arabia, Iran और यहां तक कि खुद America जैसे किसी भी बड़े oil producing देश से ज्यादा है। | BBC<br>4th January 2026 | https://www.bbc.com/news/articles/crkr4y717k7o |
| 27 | असल में 1922 में Venezuela में oil मिला और 1929 तक Venezuela दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा oil producer बन गया। | CNN<br>6th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/05/business/oil-venezuela-trump |
| 28 | ये "heavy और sour" होता है, जिससे diesel, asphalt और factories के लिए fuel बनता है। जबकि America का अपना crude oil "light और sweet" है, जो सिर्फ petrol बनाने के काम आता है। | CNN<br>6th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/05/business/oil-venezuela-trump |
| 29 | 1970s तक America की ज़्यादातर refineries specifically Venezuelan oil के लिए बनाई गई थीं। फिर 1976 में Venezuela ने अपनी खुद की oil company PDVSA बनाई। | CNN<br>6th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/05/business/oil-venezuela-trump |
| 30 | इस वक्त तक America को Venezuela से कोई problem नहीं थी। | TeleSur<br>30th December 2025 | https://www.telesurenglish.net/opinion/the-u-s-war-on-venezuela-began-in-2001/ |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 31 | यहाँ तक 1963 में President John F Kennedy ने Venezuelan President को "America's best friend" in South America कहा था। Problem तब शुरू हुई जब 1999 में Hugo Chavez Venezuela के President बने और 2000s में उन्होंने oil industry nationalized कर दी। | CNN<br>6th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/05/business/oil-venezuela-trump |
| 32 | इसके बाद 2001 में उन्होंने Organic Hydrocarbons Law पास किया। इस law ने Venezuela के सारे oil और gas reserves पर state ownership declare कर दी, जिससे यहां पर American companies के operation बंद हो गए। | TeleSur<br>30th December 2025 | https://www.telesurenglish.net/opinion/the-u-s-war-on-venezuela-began-in-2001/ |
| 33 | इन companies ने President George W. Bush पर pressure डाला कि Chavez के ख़िलाफ़ action लो, जिसके बाद 2002 में America ने Venezuela में coup engineer करने की कोशिश की, लेकिन coup fail हो गया। | TeleSur<br>30th December 2025 | https://www.telesurenglish.net/opinion/the-u-s-war-on-venezuela-began-in-2001/ |
| 34 | लेकिन फिर 2005 में America ने Venezuela पर sanctions लगा दिए, जो अभी तक लगे हुए हैं। 2013 में Chavez की death के बाद Maduro power में आए। | CNN<br>6th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/05/business/oil-venezuela-trump |
| 35 | 2019 में Trump की पहली term में PDVSA से सारे crude exports block कर दिए गए थे। आज Venezuela सिर्फ 1 million barrels per day produce करता है, जो global production का सिर्फ 0.8% है। लेकिन असली बात यही है कि Venezuela के पास अभी भी 303 billion barrels के proven reserves हैं, जो दुनिया के कुल reserves का one-fifth है। | CNN<br>6th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/05/business/oil-venezuela-trump |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
| --- | --- | --- | --- |
| 36 | Operation के अगले दिन Trump ने क्या कहा? "It was the greatest theft in the history of America. They took our oil away from us." उन्होंने announce किया कि American oil companies Venezuela जाएंगी, billions invest करेंगी, और infrastructure rebuild करेंगी। लेकिन ये "चोरी" कैसे हुई? Venezuela का oil तो Venezuela का था। उन्होंने अपने resources पर control लिया, तो ये चोरी कैसे हुई? | CNN<br>6th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/05/business/oil-venezuela-trump |
| 37 | China अभी Venezuela का 68% oil खरीद रहा है और ये America को ये बर्दाश्त नहीं हो रहा है। | CNN<br>6th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/05/business/oil-venezuela-trump |
| 38 | Maduro और उनकी wife Cilia Flores को Southern District of New York में indict किया गया है। उनके ख़िलाफ़ Charges में narco-terrorism conspiracy, | Twitter/X<br>Attorney General Pamela Bondi @AGPamBondi | https://x.com/AGPamBondi/status/200742808714368661 1 |
| 39 | आरोप है कि 1999 से Maduro, international drug trafficking organisations के साथ मिलकर US में drugs smuggle कर रहे थे। | NPR<br>5th January 2026 | https://www.npr.org/2026/01/03/nx-s1-5665617/venezuela-nicolas-maduro-charges |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
| --- | --- | --- | --- |
| 40 | Experts के मुताबिक़ Venezuela कोई major drug producer नहीं है। ये एक minor cocaine transit country है। और सबसे important बात, जो cocaine Venezuela से गुज़रती है, वो ज़्यादातर Europe जाती है, America नहीं। New York Times की report के मुताबिक़ America जाने वाली ज़्यादातर cocaine Colombia, Guatemala, Mexico होते हुए Pacific route से आती है। Venezuela की Pacific coast ही नहीं है। Indictment में claim किया गया है कि 2020 तक Venezuela से हर साल 200-250 metric tons cocaine ship होती थी। Compare करें तो 2018 में सिर्फ़ Guatemala से 1,400 metric tons cocaine गुज़री थी। ये Venezuela से कई गुना ज़्यादा है। तो अगर drug trafficking इतनी बड़ी problem है, तो America ने Guatemala पर हमला क्यों नहीं किया? | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/world/americas/venezuela-drug-trade.html |
| 41 | इसके अलावा Trump कहते हैं कि ये operation Americans को मारने वाली drugs के ख़िलाफ़ है। लेकिन America में ज़्यादातर overdose deaths fentanyl से होती हैं। इससे हर साल हजारों लोग मारे जाते हैं। लेकिन fentanyl Venezuela नहीं, बल्कि Mexico से आती है, जहां ये China से आने वाले chemicals से बनती है। Venezuela का fentanyl trade में कोई known role नहीं है। तो अगर Trump सच में drug deaths रोकना चाहते हैं, तो Venezuela पर हमला करने का क्या logic है? | The New York Times 3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/world/americas/venezuela-drug-trade.html |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 42 | इस Operation से 3 दिन पहले Maduro ने एक interview दिया था। इसमें उन्होंने कहा था कि America उन पर weapons of mass destruction होने या nuclear weapons develop करने का आरोप नहीं लगा सकता, इसलिए उसने drugs का झूठा आरोप invent कर दिया। | Politico<br>2nd January 2026 | https://www.politico.com/news/2026/01/02/maduro-venezuela-trump-pressure-00709036 |
| 43 | Maduro ने कहा है कि उन पर drug trafficking का accusation भी उतना ही झूठा है। | Politico<br>2nd January 2026 | https://www.politico.com/news/2026/01/02/maduro-venezuela-trump-pressure-00709036 |
| 44 | इसके अलावा interesting बात यह है कि December में Trump ने Honduras के former President Juan Orlando Hernandez की सजा माफ की थी, जबकि Hernandez को 400 tons से ज़्यादा cocaine America smuggle करने के लिए US court ने convict किया हुआ था। | NPR<br>3rd January 2026 | https://www.npr.org/2026/01/03/nx-s1-5665695/maduro-trump-drug-dealer-pardons |
| 45 | जैसे ही operation की खबर फैली, दुनियाभर में reactions आने शुरू हो गए। Brazil, Chile, Colombia, Mexico, Spain और Uruguay ने joint statement जारी कर इसे rules based international order के लिए dangerous precedent बताया। | Reuters<br>4th January 2026 | https://www.reuters.com/world/americas/world-reacts-us-strikes-venezuela-2026-01-03/ |
| 46 | UN Secretary-General António Guterres ने कहा कि Trump के actions UN Charter का violation हैं। Norway, China, Russia और Slovakia ने भी इसे condemn किया है। | Reuters<br>4th January 2026 | https://www.reuters.com/world/americas/world-reacts-us-strikes-venezuela-2026-01-03/ |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 47 | Venezuela के Supreme Court ने Vice President Delcy Rodríguez को interim President बना दिया है। | TeleSur<br>4th January 2026 | https://www.telesurenglish.net/venezuelas-supreme-court-orders-delcy-rodriguez-to-assume-as-interim-president/ |
| 48 | लेकिन Trump ने उन्हें भी धमकी दे डाली। | CNN<br>6th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/04/politics/us-running-venezuela-trump-administration |
| 49 | Trump को उम्मीद थी कि Rodríguez cooperate करेंगी। लेकिन operation के कुछ ही घंटों बाद Rodríguez ने publicly इसे reject कर दिया। उन्होंने operation को "savage attack" बताया। | CNN<br>4th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/nicolas-maduro-capture-venezuela |
| 50 | Venezuela के बाद Trump ने Colombia, Cuba और Mexico को warning दी। Colombia के बारे में तो Trump ने साफ कह दिया कि वहां भी Venezuela जैसा operation हो सकता है। इसके अलावा Trump ने एक बार फिर Greenland पर कब्जे की अपनी पुरानी बात को repeat किया। इसके अलावा India को भी Trump ने धमकी दी है कि अगर India Russian oil खरीदना बंद नहीं करता, तो tariffs और बढ़ा दिए जाएंगे। | Business Today<br>5th January 2026 | https://www.businesstoday.in/world/us/story/trump-threatens-cuba-mexico-colombia-iran-greenland-and-india-all-in-a-matter-of-few-hours-509406-2026-01-05 |
| 51 | Trump को सबसे पहले अपने ही देश का law देख लेना चाहिए। US Constitution के मुताबिक, किसी भी war के लिए Congress की मंजूरी जरूरी है। George W. Bush ने भी Iraq war से पहले Congress से approval ली थी। | The New York Times<br>3rd January 2026 | https://www.nytimes.com/2026/01/03/opinion/venezuela-attack-trump-us.html |

| Sr. No. | Statement | Source | Link to Source |
|---|---|---|---|
| 52 | लेकिन Trump ने बिना Congress से पूछे ही ये सब कर दिया। इस बात पर अब धीरे-धीरे US के lawmakers ही Trump को impeach करने की मांग कर रहे हैं। | Scott Wiener 3rd January 2026 | https://sd11.senate.ca.gov/news/senator-wiener-calls-trumps-impeachment-his-illegal-invasion-and-coup-venezuela |
| 53 | सबसे interesting बात है कि खुद Trump administration के लोगों ने पहले कहा था कि ये illegal है। November में White House Chief of Staff Susie Wiles ने कहा था कि अगर land पर military action करना है तो Congress की approval चाहिए। | CNN 5th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/legal-authority-trump-venezuela |
| 54 | Administration का argument है कि ये "war" नहीं था- ये "law enforcement function" था। Maduro एक "indicted drug trafficker" है, इसलिए उसे पकड़ना था। | CNN 5th January 2026 | https://edition.cnn.com/2026/01/03/politics/legal-authority-trump-venezuela |
| 55 | UN Charter का Article 2(4) साफ कहता है कि कोई भी देश दूसरे देश के खिलाफ military force use नहीं कर सकता। हर देश की sovereignty की respect करना जरूरी है। Trump ने ये violate किया। इसके लिए UN Security Council America पर sanctions लगा सकती है, लेकिन America veto कर देगा। तो कोई accountability नहीं। | The Guardian 3rd January 2025 | https://www.theguardian.com/world/2026/jan/03/is-there-any-legal-justification-for-the-us-attack-on-venezuela-trump-maduro |